म. प्र. राज्य कृषि विपणन बोर्ड,
26, किसान भवन, अरेरा हिल्स, भोपाल

क्र/बी–6/नियमन/कोविड/621/1177 भोपाल,दिनांक 26/03/2021

प्रति,

प्रमुख सचिव
म0प्र0 शासन
लोक स्वास्थ एवं परिवार कल्याण विभाग।

विषयः–कृषि उपज मण्डी समिति के अधिकारी/कर्मचारियो का प्राथमिकता पर कोविड टीकाकरण करवाए जाने के संबधं मे।

प्रदेश के कृषि उपज मण्डियो के प्रांगण मे अधिक संख्या मे कृषको के द्वारा अपनी कृषि उपज़ विक्रय हेतु लाई जाती है। इसके साथ ही वर्तमान मे रबी विपणन वर्ष 2020–21 के लिए शासकीय उपार्जन दिनांक 27 मार्च 2021 से प्रारम्भ हो रहा है। कृषि उपज के विपणन/उर्पाजन कार्य मे कृषि उपज मण्डी समितियो का मैदानी अमला मण्डी प्रांगणो/उपार्जन केन्द्रो पर सक्रिय रहता है तथा उनका इस अवधि मे किसानों, परिवहनकर्ताओं तथा अन्य व्यक्तियों से सतत् सम्पर्क बना रहता है।

उपरोक्त को दृष्टिगत रखते हुए मण्डियो के अधिकारी/कर्मचारियो तथा मण्डियो मे कार्यरत समस्त फ्रंटलाइन वर्कर्स को कोविड से सुरक्षा प्रदान करना आवश्यक है।

कृपया आपसे अनुरोध है कि प्रदेश की सभी मण्डियो के अधिकारी/कर्मचारियो तथा मण्डियो मे कार्यरत समस्त फ्रंटलाइन वर्कर्स का पंजीयन कोविड पोर्टल पर प्राथिमिकता से करवाया जाकर उनका टीकाकरण करवाने हेतु आवश्यक निर्देश जारी करने का कष्ट करे।

(प्रियंका दास)
प्रबंध संचालक सह आयुक्त
म0प्र0 राज्य कृषि विपणन बोर्ड
भोपाल

क्र/बी–6/नियमन/कोविड/621/1178 भोपाल,दिनांक 26/03/2021
प्रतिलिपि :–

1/ प्रमुख सचिव, म0प्र0 शासन, किंसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग, भोपाल।
2/ जिला कलेक्टर्स, ...(समस्त)।
3/ संयुक्त/उप संचालक, म0प्र0 राज्य कृषि विपणन बोर्ड, आंचलिक कार्यालय समस्त
4/ सचिव, कृषि उपज मण्डी समिति ....(समस्त)।

प्रबंध संचालक सह आयुक्त
म0प्र0 राज्य कृषि विपणन बोर्ड
भोपाल